इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

कॉर्पोरेट कार्यालय : राजभाषा विभाग

Corporate Office: Official Language Department

इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा 2022 का आयोजन

इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै के तत्वावधान में दिनांक 14 सितंबर, 2022 को अखिल भारतीय स्तर पर हिंदी दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया। कॉर्पोरेट कार्यालय में 14 सितंबर, 2022 से 29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यपालकगण सहित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए कुल आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कॉर्पोरेट कार्यालय में दिनांक 29.09.2022 को हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता श्री एस. एल. जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किया गया। इस समारोह में श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक; श्री अश्वनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं अन्य कार्यपालकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत इंडियन बैंक के ऐंथम से हुई और फिर भारतीय परम्परा के अनुसार प्रथम पूज्यनीय श्रीगणेश जी को स्मरण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत करते हुए श्री टी. धनराज, महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा) ने कहा कि हिंदी एक सरल भाषा है एवं इसे सभी को सीखना चाहिए। ग्राहक सेवा में हिंदी का बड़ा योगदान है और कार्यालय में सभी को सरल हिंदी में कार्य करने का प्रयास जारी रखना चाहिए।

तत्पश्चात, श्री अजयकुमार, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा “हिंदी विदेशों में......” विषय पर तैयार किए गए वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसे सभी ने सराहा और हिंदी के प्रति बीते भावनाओं को याद कर सभी ने दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग का संकल्प दुहराया।

श्री अश्वनी कुमार, कार्यपालक निदेशक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इंडियन बैंक में ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पादों के विवरण के साथ-साथ पासबुक प्रिंटिंग तथा अन्य सेवाएं हिंदी में उपलब्ध है। हमारे बैंक की वेबसाइट द्विभाषी है। आज ग्राहकों तक बैंक की सूचनाएँ आसानी से पहुँच रही है और यह सब हिन्दी एवं स्थानीय भाषाओं के सहयोग से संभव हो पाया है ।

श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक ने कहा कि आज हिंदी कारोबार की प्राथमिक भाषा बन रही है। यहाँ तक की देश-विदेश में भी हिंदी का प्रचार-प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। हिंदी, लोगों को जोड़ने का माध्यम है। इसी के साथ देश की सामासिक संस्कृति के विकास में क्षेत्रीय भाषाएं भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

श्री एस.एल. जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान कहा कि हिन्दी एक लोकप्रिय भाषा है और यह ग्राहक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग में सरल हिन्दी का प्रयोग होना चाहिए। इंडियन बैंक, हमेशा से ही राजभाषा (हिन्दी) को प्रोत्साहित करता रहा है और यह कार्य हमारी क्षेत्रीय भाषाओं के सहयोग से आसान हो रहा है। उन्होंने सभी हिंदीतर भाषी कार्यपालकों से अपील किया कि वे क्षेत्रीय भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी भी सीखें और अपने दैनिक काम-काज में इसका प्रयोग करें तथा बैंक के कारोबार-विस्तार में इसका सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि हिंदी जनमानस की भाषा है, इसलिए हृदय को छूती है। बैंक में जनमानस की भाषा में ग्राहकों को सेवाएं देना हम सब की प्राथमिकता होनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बैंक की हिंदी गृह पत्रिका “इंड छवि” के नवीनतम अंक का विमोचन किया।

बैंक ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारत सरकार के निदेशानुसार सितंबर माह के दौरान हिंदी पखवाड़ा और हिंदी के प्रति अभिरूचि जागृत करने के उद्देश्य से बैंक के सभी कर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें सभी बैंक कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के इस अवसर पर विजेताओं को शीर्ष कार्यपालकों ने विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में, हिंदी संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें देश की सांस्कृतिक अनेकता में एकता पर आधारित हिंदी गीत गाया गया ।

श्री अरविंद कुमार मिश्र, उप महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा) ने हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशकगण और महाप्रबंधकगण को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने राजभाषा विभाग की मार्गदर्शन में बैंक के हर अंचल में हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा के सफल आयोजन, कार्यालयीन माहौल को हिंदीमय बनाने तथा राजभाषा नीति-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु राजभाषा विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। अंत में, उन्होंने बैंक के सभी हिंदी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा समारोह में पूरे हर्षोल्लास से उपस्थित होकर इसे सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

***